सौराष्ट्र में संचार नेटवर्क के विकास के लिए निर्धारित निधियां

877. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गुजरात के शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले सभी पात्र गांवों में डाकघर खोलने की कोई योजना तैयार की है ;

(ख) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है तथा इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक जिले के लिए कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान सौराष्ट्र में संचार नेटवर्क के विकास के लिए कुल कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) डाकघर निर्धारित मानदण्डों के अनुसार खोले जाते हैं बशर्ते कि धनराशि उपलब्ध हो। आठवीं योजना के पहले दो वर्षों के दौरान, गुजरात में 45 शाखा डाकघर तथा 10 उप डाकघर खोले गए हैं। नए डाकघर खोलने के उद्देश्य से 12.29 लाख रु. की धनराशि आवंटित की गई थी। धनराशि का जिलावार आवंटन नहीं किया जाता है। आठवीं योजना की शेष अवधि के लिए लक्ष्यों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

निम्नलिखित वर्षों के दौरान सौराष्ट्र क्षेत्र में खोले गए डाकघर :–

1992–93	एक उप डाकघर
	6 शाखा डाकघर
9 93–94	2 शाखा डा कघर

संचार मंत्रालय के अधीन उपक्रमों / संगठनों में भ्रष्टाचार

878. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को संचार मंत्रालय के अधीन आने वाले उपक्रमों/संगठनों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जानकारी है,

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई और कितने अधिकारियों को बर्खास्त किया गया, और

(ग) भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी हां। संचार मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भ्रष्टाचार के कुछ मामले जानकारी में आए हैं।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान, 34 अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाई की गई थी और एक अधिकारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

(ग) सभी उपक्रमों में पूर्ण-विकसित सतर्कता संगठन कार्यरत हैं। भ्रष्टाचार के आरोप की शिकायतों की जांच की जाती है और नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

ग्रामीण क्षेत्र में डाक वितरण प्रणाली की समीक्षा

879. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री ईश दत्त यादव

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों